तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026



12 गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कर अमर और वीर...



12 भागवत के सातवे दिन श्रीकृष्ण एवं सुदामा...



## खबर संक्षेप

### हाटकोंदल में गणतंत्र पर दिवस फहराया तिरंगा



**दुर्गुकोंदल।** हाटकोंदल में गणतंत्र दिवस पर शासकीय कार्यालयों सहित विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के कार्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ। ध्वजारोहण के बाद पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र छात्राओं के द्वारा स्कूल से उप स्वास्थ्य केंद्र तक प्रभात फेरी निकाली गई। प्राचार्य सीआर ठाकुर, टीएल जैन, बीआर साहू, टेमन कुमार साहू, लोमन चंद्राकर, सरपंच हरिषा मंडावी, सचिव सतिमा उयके, सहायक परदुराम जाडे, बहुर यादव, सुकारों बाई, उप सरपंच इंदज़ीत परचापी, नरेश रावटे, दरबू राम कोसमा, ललित हिडको ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सखियों को पशुपालन का दिया गया प्रशिक्षण



**दुर्गुकोंदल।** विकास खंड दुर्गुकोंदल में अग्नि शिखा महिला क्लस्टर संगठन के तत्वाधान में पशुपालन से संबंधित दो दिवसीय पशु सखियों को प्रशिक्षण दिया गया। पशुपालकों को प्राथमिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से ग्राम स्तर पर पशु सखी की नियुक्ति की गई है। पशु सखियां पशुपालन विभाग के साथ समन्वय कर पशुओं के टीकाकरण, विभिन्न बीमारियों से बचाव एवं पशुपालकों को जागरूक करने का कार्य करती हैं। पशु चिकित्सक डॉ. राहुल ठाकुर द्वारा पशुपालन से संबंधित सारगर्भित एवं उपयोगी जानकारी दी।

### भैंसाकहर सीएमडीसी माइंस पर ग्राम समिति ने ली आपत्ति

**भानुप्रतापपुर।** तहसील भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम भैंसाकहर (क) की माँ शीतला ग्राम समिति ने सीएमडीसी छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन माइंस के संचालन पर आपत्ति जताई है। समिति ने सीएमडीसी के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर खनन कार्य को लेकर पुनर्विचार की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में प्रशासन एवं संबंधित विभागों की उपस्थिति में सहमति बनी थी कि खनन से जुड़े कार्य आदिवासी स्व-विकास समिति के माध्यम से किए जाएंगे। इसके बावजूद ग्राम समिति की सहमति के बिना कार्य होने की बात कही गई है। ग्राम समिति का कहना है कि क्षेत्र वन एवं सरहद सीमा में आता है, इसलिए ग्राम पंचायत एवं समिति की सहमति आवश्यक है। समिति ने चेतावनी दी है कि मांगों पर विचार नहीं होने की स्थिति में जनआंदोलन किया जाएगा।

### घरेलू विवाद पर किया युवक पर हमला

**पखांजूर।** थाना क्षेत्र के स्टाफ कॉलोनी में रविवार को घरेलू विवाद के दौरान मारपीट की गंभीर घटना सामने आई है। प्रार्थी आयुष बैनर्जी (22), पिता विप्लव बैनर्जी, जो वर्तमान में शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई में बीटेक के छात्र हैं, ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। आयुष के अनुसार वे 22 जनवरी 2026 को परीक्षा समाप्त होने के बाद घर आए थे। 25 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे उनके बड़े भाई अनीस बैनर्जी घरेलू बात को लेकर उनकी मां रंजीता बैनर्जी से गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर अनीस बैनर्जी ने आयुष के साथ मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों व हाथ में पहने कड़े से मारपीट की। इस हमले में आयुष के सिर और चेहरे पर चोटें आई हैं। घटना के दौरान मां रंजीता बैनर्जी, दोस्त गौरव मंडल, संदीप सिकदार सहित आसपास के लोगों ने विवाद को देखा-सुना।

## गबन : गरीबों के राशन में सेंधमारी, चावल-शक्कर-चना-गुड़ गायब

# पीडीएस दुकान पीवी 43 में लाखों का गबन अध्यक्ष, सचिव और सेल्समैन को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जयश्रीनगर स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान क्रमांक पीव्ही 43 में लाखों रुपये के खाद्यान्न और शासकीय राशि के गबन का सनसनीखेज मामला सामने आया। सार्वजनिक वितरण प्रणाली, जो गरीब और जरूरतमंद परिवारों की जीवनरेखा मानी जाती है, उसी व्यवस्था में हुए इस घोटाले ने विभागीय निगरानी और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जांच में गबन प्रमाणित होने के बाद पखांजुर पुलिस ने महिला विकास स्व सहायता समूह पीव्ही 43 जयश्रीनगर की अध्यक्ष, सचिव और तत्कालीन विक्रेता के खिलाफ मामला दर्ज करते तीनों आरोपियों को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार पखांजुर में पदस्थ खाद्य निरीक्षक मुकेश कुमार साहू पिता हेमलाल साहू ने बताया कि कलेक्टर खाद्य शाखा कांकेर के आदेश क्रमांक 256/खाद्य/शा./2026 कांकेर, दिनांक 07 मार्च 2025 के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान जयश्रीनगर का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए थे। इस आदेश के पालन में 10 अप्रैल 2025 एवं 19 अगस्त 2025 को दुकान का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान जयश्रीनगर पखांजूर स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन तत्कालीन संचालक एवं विक्रेता द्वारा स्वयं सहायता समूह पीव्ही 43 जयश्रीनगर के द्वारा किया जा रहा था। शासकीय उचित मूल्य दुकान में 31 मार्च 2025 एवं 19 अगस्त 2025 की स्थिति में किए गए सत्यापन के अनुसार, चावल 312.99 क्विंटल, शक्कर 5.41 क्विंटल, नमक 2.53 क्विंटल, चना 7.17 क्विंटल तथा गुड़ 5.74 क्विंटल गायब था। खाद्य निरीक्षक की रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि संचालक एवं विक्रेता द्वारा शेष खाद्यान्न का सही-सही हिसाब प्रस्तुत नहीं किया गया। न तो निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न जमा किया गया और न ही उसके बदले शासकीय राशि जमा कराई गई। इससे स्पष्ट हुआ कि खाद्यान्न वितरण में गंभीर अनियमितता बरती गई और हितग्राहियों को उनके अधिकार का पूरा राशन नहीं मिल सका।

**खास बातें**

- खाद्य इंस्पेक्टर ने दुकान किया भौतिक सत्यापन, पैसा जमा करने दिया मौका
- गबन राशि के जमा नहीं किए जाने पर पखांजुर थाना में हुई थी शिकायत, अंतत: दर्ज हुआ अपराध



### 10 लाख 51 हजार का हुआ गबन

खाद्य निरीक्षक की जाँच में खुलासा हुआ कि खाद्यान्न के साथ-साथ शासकीय राशि का भी गबन किया गया। चांवल की कीमत 3,911.55 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 9,97,406.13 रुपये, शक्कर 3,804.75 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 20,583.70 रुपये, नमक 1,038.63 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 2,627.74 रुपये तथा गुड़ 5,304.30 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से कुल 30,446.68 रुपये का गबन दर्शाया गया है। इस प्रकार कुल 10,51,064.25 रुपये मूल्य के खाद्यान्न का गबन होना बताया गया है। इसके अतिरिक्त एपीएल श्रेणी के हितग्राहियों की टोकन डिपॉजिट राशि 34,343.74 रुपये भी जमा नहीं कराया गया। जांच के दौरान दुकान से संबंधित रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किए गए और न ही हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण का समुचित विवरण दिया गया।

### पखांजूर पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल

खाद्य निरीक्षक के द्वारा दिए गए आवेदन के तहत महिला विकास स्व सहायत समूह पीव्ही 43 जयश्रीनगर की अध्यक्ष सुमित्रा राय, सचिव पिंकी नाथ एवं तत्कालीन विक्रेता सुमंत नाथ के खिलाफ धारा पखांजुर पुलिस ने धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 एवं 3(5), 316(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया और पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के अंदर आरोपियों को जेल की सलाखों में भेज दिया।

## टाटा हेक्सा को बनाया निशाना

# शराबियों ने जैसाकर्रा में खड़ी कार में की तोड़फोड़ व चालक से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा थानांतर्गत जैसाकर्रा मैदान में गणतंत्र दिवस के दिन उस समय अफरा-तफरी मच गई जब वहां खड़ी एक चार पहिया वाहन को शराब के नशे में धुत दो लोगों ने पत्थर और डंडे से तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर वाहन मालिक के साथ मारपीट कर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस घटना में वाहन मालिक को करीब 90 हजार रुपएं नुकसान का अनुमान लगाया है। जानकारी के अनुसार 48 वर्षीय प्रवीण शिंदे निवासी ग्राम बांसपारा, जिला धमतरी ने पुलिस को बताया कि मैं 26 जनवरी को अपने मित्र राजेन्द्र सोनकर से मिलने अपनी टाटा हेक्सा वाहन क्रमांक सीजी 04 एलयू 4866 से जैसाकर्रा आया था। मैने जैसाकर्रा मैदान में वाहन खड़ा करके कुछ दूरी पर अपने मित्र के साथ बातचीत कर रहे थे। दोपहर लगभग साढ़े 3 बजे बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने जानकारी दिया कि कुछ लोग शराब के नशे में उनकी गाड़ी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मैं जब मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि लोकेश जगताप उर्फ मल्लु निवासी बांसपारा, धमतरी एवं अकबर खान निवासी श्रीरामनगर, कांकेर आपसी रंजिश के चलते उनकी खड़ी गाड़ी पर पत्थर और डंडे से हमला कर रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने अश्लील गालियां देते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की और जान से मारने ⏭ शेष पेज 10 पर



# चरित्र पर शंका, जनलेवा हमला से पत्नी हुई गंभीर, पति के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां चरित्र शंका के चलते एक पति ने अपनी ही पत्नी पर हत्या की नीयत से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी पति ने महिला को घर की चौखट और जमीन पर पटक-पटक कर बेरहमी से मारपीट की, जिससे महिला के सिर, गला और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद महिला बेहोश हो गई, जिसे गंभीर अवस्था में पहले जिला अस्पताल कांकेर और फिर रायपुर रेफर किया गया है।

- पीड़ित महिला हायर ट्रीटमेंट के लिए रायपुर रेफर



जानकारी के अनुसार ग्राम कण्डेल निवासी 30 वर्षीय महेन्द्र यादव ने थाना चारामा में लिखित आवेदन देकर बताया कि उसकी बड़ी बहन सुमन यादव का विवाह लगभग 7 वर्ष पूर्व ग्राम मोखा जिला बालोद निवासी प्रेमलाल यादव से सामाजिक रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के बाद उनके तीन बच्चे भी हुए, लेकिन शादी के कुछ वर्षों बाद से ही प्रेमलाल यादव अपनी पत्नी सुमन यादव के साथ छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा, मारपीट और घरेलू हिंसा करता रहता था। लगातार विवाद और मारपीट से परेशान होकर सुमन यादव अपने पति से अलग होकर चारामा में दुर्गा मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 06 में फुलदेवकी सोनकर के मकान में किराए से अपनी छोटी बच्ची के साथ लगभग तीन महीनों से रह रही थी। इसी दौरान 26 जनवरी की शाम करीब 7 बजे प्रेमलाल यादव वहां पहुंचा और चरित्र शंका को लेकर सुमन यादव से विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने हत्या की नीयत से अपनी पत्नी को घर की चौखट और जमीन पर पटक-पटक कर बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया, जिससे उसके सिर और गले सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जिससे अत्यधिक रक्तस्त्राव हुआ और वह बेहोश हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर ⏭ शेष पेज 10 पर

# रतेसरा में सट्टा सटोरिया गिरफ्तार चारामा पुलिस ने किया भंडाफोड़

**कांकेर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर हाईवे पेट्रोलिंग को जानकारी मिली कि रतेसरा के पास सट्टा-पट्टी एक सटोरिया लिख रहा है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत छापा मारने पर एक युवक को दबोचा। आरोपी के कब्जे से सट्टा पर्ची, डायरी, पेन और नकद राशि बरामद की गई है।



जानकारी के अनुसार थाना चारामा में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक द्वारा 26 जनवरी को हमराह स्टाफ के साथ हाईवे पेट्रोलिंग की जा रही थी। इसी दौरान ग्राम रतेसरा के पास मुखबिर से जानकारी मिली कि एक्सीस बैंक के बगल में परमेश्वर यादव नामक व्यक्ति विभिन्न अंकों पर रुपये-पैसों का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस टीम मौके के लिएर रवाना हुई। बताए गए स्थल से अरोपी परमेश्वर यादव पिता झुमूकलाल यादव उम्र 57 वर्ष निवासी शीलतापारा, वार्ड क्रमांक 04, चारामा को सट्टा-पट्टी लिखते हुए पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक पाकेट डायरी, जिसमें विभिन्न अंकों पर सट्टा दांव अंकित था, एक पेन तथा कुल 2330 रुपये नकद बरामद किए गए। आरोपी द्वारा सट्टा लेखन संबंधी कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। बरामद सामग्री को विधिवत जप्त कर पंचनामा तैयार किया गया।

आरोपी का कृत्य छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर 27 जनवरी को गिरफ्तार कर परिजनों को सूचना दी गई। संपूर्ण कार्रवाई से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए थाना चारामा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब अवैध की बिक्री महिला पर कार्रवाई

**कांकेर।** कोरर थाना क्षेत्र में आवासपारा कोरर में कला बाई कोरेटी अपने मकान के बाहर अवैध रूप से देशी महुआ शराब बिक्री हेतु रखी हुई है। दबिश के दौरान आरोपी कला बाई कोरेटी के कब्जे से 10 लीटर की एक सफेद जरकीन में 5.3 लीटर हाथ भट्‌टी से बनी कच्ची देशी महुआ शराब बरामद की गई। आरोपी महिला के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# तेज रफ्तार कार ने छीनी ऑटो चालक की जिंदगी कांकेर बायपास में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा





हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक परिवार का सहारा छीन लिया। बीती रात को कांकेर से माकड़ी मार्ग पर गपिछवाड़ी बाईपास रोड पर भीषण सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार मर्दापोटी जिला कांकेर निवासी 39 वर्षीय दसरथ पोटाई ने पुलिस को बताया कि मैं जो रोजी-मजदूरी का कार्य करता हूँ। मैं 27 जनवरी को कांकेर में अपने परिजनों के पास मिलने के लिए आया हुआ था। मेरा बड़ा भाई 45 वर्षीय हलाल राम पोटाई बस में ड्राइविंग का कार्य करता था और स्वयं का ऑटो भी चलाता है। 27 जनवरी को दिनभर ऑटो चलाने के बाद देर रात में अपने ऑटो क्रमांक सीजी 19 बीएल 1493 से कांकेर से मर्दापोटी स्थित अपने घर लौट रहा था और मैं भी अपनी मोटरसाइकिल से भाई के ऑटो के कुछ दूरी पीछे चल रहे थे। इसी दौरान रात्रि करीब डेढ़ बजे गढ़पिछवाड़ी बायपास रोड पर ढाबा के पास माकड़ी की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 04 केवाय 6371 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ऑटो को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और आटो चालक मेरा बड़ा भाई हलाल राम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी तत्काल 108 एंबुलेंस को दिया और घायल बड़े भाई को शासकीय कोमलदेव अस्पताल कांकेर में लेकर पहुँचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे को प्रत्यक्षदर्शी दसरथ पोटाई ने बताया कि कार चालक की लापरवाही ही इस दर्दनाक हादसे का कारण बनी। मृतक हलाल राम अपने परिवार का मुख्य कमाने वाला था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार पर सख्ती की जरूरत ⏭ शेष पेज 10 पर

- रात्रि करीब डेढ़ बजे गढ़पिछवाड़ी बायपास रोड पर ढाबा के पास हुआ हादसा




## यातायात विभाग ने आँखों की रोशनी से सुरक्षित सफर की पहल की

# यातायात विभाग के नेत्र जांच शिविर में चालकों और आमजनता का लगा तांता, हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नए बस स्टैंड परिसर में 28 जनवरी को आयोजित नेत्र शिविर में सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। आँखों की जाँच कराने के लिए आम नागरिकों, वाहन चालकों और बस चालकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यह शिविर न सिर्फ स्वास्थ्य सेवा का माध्यम बना, बल्कि सुरक्षित यातायात की दिशा में एक मजबूत कदम भी साबित हुआ। सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता और जिम्मेदारी का संदेश देते हुए यातायात माह के अंतर्गत कांकेर यातायात विभाग ने एक सराहनीय पहल की। यातायात विभाग द्वारा आयोजित इस नेत्र शिविर का उद्देश्य वाहन चालकों की दृष्टि क्षमता की जाँच कर दुर्घटनाओं की संभावना को कम करना था। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने आधुनिक उपकरणों से आँखों की जाँच की और जरूरतमंदों को परामर्श के साथ दवाइयाँ भी प्रदान की गईं। कई लोगों को चश्मे की आवश्यकता बताई गई और उनको निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध करवाया गया, वहीं कुछ मामलों में आगे के उपचार की सलाह भी दिया गया। कई वाहन चालकों ने कहा कि व्यस्त दिनचर्या में इस तरह की निःशुल्क जाँच उनके लिए बेहद उपयोगी है। शिविर का अवलोकन करने लोकेश कावड़िया, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा एवं समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत विशेष रूप से पहुँचीं। अतिथियों ने शिविर में मौजूद ⏭ शेष पेज 10 पर






### नेत्र शिविर सुरक्षित यातायात की दिशा में बड़ा कदम

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए केवल नियम बनाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लोगों को शारीरिक रूप से भी सक्षम बनाना उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कई बार वाहन चालक को यह भी पता नहीं होता कि उसकी दृष्टि कमजोर हो चुकी है, जिसका सीधा असर ड्राइविंग पर पड़ता है और यह दुर्घटना का कारण बन सकता है। ऐसे में नेत्र परीक्षण जैसे शिविर समय रहते समस्या को पहचानने और उसे दूर करने में अहम भूमिका निभाते हैं। आम जनता से अपील किया कि यातायात नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करें। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के सहयोग से ही सड़क सुरक्षा को मजबूत किया जा सकता है और सुरक्षित समाज की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है।

# युवक ने दो महिलाओं से की गाली-गलौज और मारपीट, मामला दर्ज

**कांकेर।** नरहरपुर नगर के वार्ड क्रमांक 9 आवासपारा में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति ने शराब के नशे में दो महिलाओं के साथ सरेआम गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित महिलाओं ने जान से मारने की धमकी देने और हाथ-मुक्कों से हमला करने का आरोप लगाते हुए थाना नरहरपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।




जानकारी के अनुसार प्रार्थिया 40 वर्षीय रूखमणी नागवंशी पिता विक्रम सिंह नागवंशी, निवासी वार्ड-9 आवासपारा, नरहरपुर ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि 27 जनवरी की शाम लगभग साढ़े 5 बजे उनके रिश्ते का रोशन नेताम उर्फ खिलेश्वर पिता हरिराम नेताम, निवासी वार्ड-9 आवासपारा, शराब के नशे में उनके घर के पास आया। आरोपी ने पुरानी रंजिश की बात को लेकर सार्वजनिक स्थल पर रूखमणी नागवंशी एवं उनकी दीदी यशोदा नेताम पति स्व. रामूराम नेताम के साथ अश्लील गाली-गलौच शुरू कर दी। गाली-गलौच के साथ-साथ आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और फिर हाथ-मुक्कों से दोनों महिलाओं के गले, हाथ-पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में मारपीट की। इस हमले से दोनों के शरीर में चोटें आई हैं और उन्हें काफी दर्द हो रहा है। पीड़िता ने बताया कि घटना को अंजली नागवंशी एवं अर्पिता नागवंशी ने देखा है। पीड़िताएं घटना के बाद भयभीत होकर थाना नरहरपुर पहुंचीं और आरोपी रोशन नेताम उर्फ खिलेश्वर के खिलाफ लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने आवेदन के आधार आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

# मक्के की खेती में बढ़ा किसानों का रुझान, संयुक्त संचालक कृषि ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के विकासखंड भानुप्रतापपुर के अंतर्गत ग्राम नरसिंगपुर कनेचुर भैंसाकान्हार-डू में राष्ट्रीय विकास योजनांतर्गत 50 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी मक्का फसल का कृषि बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक महादेव ध्रुव द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने उपस्थित कृषकों से संवाद कर पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत ग्रीष्मकालीन धान के बदले मक्का फसल लगाने एवं अन्य वैकल्पिक फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया और साथ ही इस योजना से मिल रही लाभों के बारे में कृषकां से जानकारी ली। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य ग्रामों के कृषकों को भी ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मक्का फसल लगाने के प्रोत्साहित करने कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने बताया कि उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मक्का एवं अन्य वैकल्पिक फसलों को अपनाने विभाग द्वारा लगातार प्रयास जारी है। क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मक्का की खेती में किसानों का रूझान बढ़ा है। इस वर्ष नरसिंगपुर के सिंचाई साधन वाले 75 प्रतिशत किसानों द्वारा पहली बार ग्रीष्म धान के स्थान पर मक्के की फसल अपने खेतों मे लगाई गई है। निरीक्षण के दौरान ग्राम नरसिंगपुर के किसान कृपाराम कमरो ने बताया पिछले वर्ष 5 एकड़ में धान फसल लगाया था, जिसमें लागत अधिक और दाम कम मिला।

## 50 एकड़ में लहलहा रही मक्के की फसल

### शुद्ध आय मिलती है

एक एकड़ में धान फसल से आय 15 हजार हुआ, जबकि मक्का फसल का बाजार भाव अच्छा है। उन्नत तरीके से खेती करने पर मक्का फसल से प्रति एकड़ 40 से 45 क्विंटल तक उपज मिल जाता है। इस प्रकार प्रति एकड़ 30 से 40 हजार रूपए तक का शुद्ध आय मिलती है जो धान के तुलना में दोगुनी है।



### पानी कम लगता है: मरकाम

किसान मन्नूराम मरकाम ने बताया कि पिछले गर्मी में 4 एकड़ में धान फसल लिया था, बिजली की कटौती लो वोल्टेज के कारण फसल बर्बाद हो गई। इस वर्ष कृषि विभाग के सलाह से पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत ग्रीष्म धान के बदले मक्का की फसल लगाई है। मक्का फसल में धान की तुलना में पानी बहुत ही कम लगता है और फसल आसानी से पककर तैयार हो जाती है। कनेचुर के किसान राजकुमार कुरेटी ने आधी जमीन में मक्का एवं आधे में दलहन-तिलहन की फसल लगाई है। इस अवसर पर कृषि सभापति, विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं क्षेत्र के कृषक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### दढ़वी पंचायत में कांग्रेस ने किया मनरेगा बचाओ अभियान कार्यक्रम

**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा के अंतिम पंचायत ग्राम पंचायत दढ़वी सालेभाट में कांग्रेस पार्टी के द्वारा मनरेगा बचाओ अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में नेताओं ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम ग्रामीण किसान मजदूर वर्ग के लिए जीवन रेखा है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार योजनाबध तरीके से इसके स्वरूप को बदलकर श्रमिकों के काम के अधिकार को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। मनरेगा बचाओ अभियान में नाम परिवर्तन एवं नियमों में बदलाव से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर घट गए हैं। श्रमिकों को समय पर काम एवं मजदूरी नहीं मिल रहा है। पूर्व प्रत्याशी रूप सिंह पोटाई एवं पीसीसी के सदस्य रतिराम दुगा मनरेगा के नाम परिवर्तन को लेकर कहा कि सरकार अपनी विफलताओं को छुपाने जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। सरकार की इस मंशा को पूरा होने नहीं दिया जाएगा एवं कांग्रेस पार्टी इस योजना को बचाने के लिए सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेगी। मनरेगा बचाव अभियान के तहत ग्राम पंचायत दढ़वी सालेभाट मे मनरेगा कार्य स्थल तक पहुंच कर ग्रामीण एवं ग्रामीण मजदूरों से सीधा संवाद कर मनरेगा योजना की वर्तमान स्थिति एवं सरकार की नीतियों से उत्पन्न समस्याओं को बताया गया। इस जनसंपर्क अभियान में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रवण यादव, पीसीसी के सदस्य रतिराम दुगा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेश सिंह बघेल, मंडल अध्यक्ष प्रेमलाल उंदरे, पूर्व जनपद सदस्य लखेश्वर ध्रुव, बीएलए मनोज सेन, पूर्व सरपंच दलवी सालेभाट मंगूराम ध्रुव, अनिल उसेडी, सोनूराम उसेडी, बालुराम उसेडी, हरसिंह मांडवी, सुखदेर सहित ग्रामीण एवं कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## उपचार : कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने प्रयास को बताया प्रेरणादायक

# एम्स प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम ने जेपी स्कूल छात्रावास के छात्रों का किया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

बच्चों का स्वस्थ भविष्य किसी भी सशक्त समाज की नींव होता है। इसी सोच को साकार करते हुए जेपी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रावास में निवासरत छात्र-छात्राओं के लिए 27 जनवरी को एक विशेष निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्रों में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं की समय रहते पहचान कर उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को सुनिश्चित करना रहा। विद्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर का अवलोकन कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने किया और संस्था के इस प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना किया। जेपी इंटरनेशनल स्कूल परिसर में आयोजित इस शिविर का संचालन स्वास्थ्य साथी संस्था द्वारा किया गया, जिसमें एम्स से प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। इस टीम का नेतृत्व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. तन्मय मोतीवाला ने किया। शिविर के दौरान छात्रावास में निवासरत 400 से अधिक छात्र-छात्राओं का अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की सहायता से विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण मापदंडों को शामिल किया गया। जांच के अंतर्गत शारीरिक माप, बाल रोग, बाल शल्य चिकित्सा, कान-नाक-गला, नेत्र रोग, दंत चिकित्सा और पोषण संबंधी परीक्षण किए गए। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने प्रत्येक छात्र की व्यक्तिगत जांच कर आवश्यक परामर्श भी दिया। इसके साथ ही जिन बच्चों में किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या की संभावना पाई गई, उन्हें आगे की जांच एवं उपचार के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्राचार्य रितेश चौबे का कहना है कि जेपी इंटरनेशनल स्कूल में हम शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देते हैं। यह स्वास्थ्य शिविर हमारे उसी प्रयास का हिस्सा है। इससे छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों को भी संतोष मिलता है कि बच्चे सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।





### जाँच से गंभीर बीमारियों से बचा सकते है

स्वास्थ्य शिविर का नेतृत्व कर रहे डॉ. तन्मय मोतीवाला ने कहा कि बचपन में की गई निवारक स्वास्थ्य जांच भविष्य में होने वाली कई गंभीर बीमारियों से बच्चों को बचा सकती है। इस शिविर में हमने बच्चों के शारीरिक विकास, पोषण स्तर और सामान्य स्वास्थ्य की गहन जांच की। जेपी इंटरनेशनल स्कूल और स्वास्थ्य साथी संस्था का यह प्रयास सराहनीय है, क्योंकि इससे बच्चों को सही समय पर सही सलाह मिलती है।

### शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना

संस्था के डायरेक्टर शंकर गिदवानी ने कहा कि हमारा उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से भी मजबूत बनाना है। स्वास्थ्य साथी संस्था के सहयोग से आयोजित यह शिविर उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर का मार्गदर्शन और प्रोत्साहन हमें भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित करेगा।

### बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी

कलेक्टर क्षीरसागर ने शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांच की व्यवस्थाओं को देखा और कहा कि ऐसे निवारक स्वास्थ्य शिविर बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। इससे न केवल समय पर बीमारी की पहचान हो जाती है, बल्कि बच्चों और अभिभावकों को सही स्वास्थ्य मार्गदर्शन भी मिल पाता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया गया यह प्रयास अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रेरणादायक है।

### शिविर में अनुभवी विशेषज्ञों ने दी सेवाएं

आयोजित शिविर में बाल रोग विभाग डॉ. अंकिता पटेल, ईएनटी विभाग डॉ. आकांक्षा बाकरे, दंत चिकित्सा डॉ. रजत जैन, डॉ. अंशु देवनानी और डॉ. अक्षत सराफ, नेत्र विभाग अंकित मणि, बुधेश्वर और मिथिलेश, आडियोलॉजिस्ट अमन चंद्रवंशी, मनेंद्र और जयप्रकाश निर्मलकर और शिविर के सफल आयोजन में नर्सिंग स्टाफ ईश्वरी, पलक और मनोज गुप्ता का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का प्रबंधन स्वास्थ्य साथी के मैनेजमेंट हेड मुकुल सिंह द्वारा किया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने सम्मान सुविधा ऐप का किया विरोध

**कांकेर।** जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने सम्मान सुविधा ऐप अब खुलकर विरोध का बिगुल फूंक दिया है। आंगनबाड़ी महिला कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारीको प्रदेश मुख्यमंत्री एवं महिला बाल विकास मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि शासन द्वारा लागू सम्मान सुविधा ऐप के तहत प्रतिदिन फेस कैप्चर के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों के फोटो अपलोड करने का भी निर्देश है, लेकिन ग्रामीण और पहाड़ी इलाकों में इंटरनेट नेटवर्क की भारी समस्या इस व्यवस्था को अव्यवहारिक बना रही है। कई क्षेत्रों में नेटवर्क बिल्कुल नहीं है, जिससे न तो फेस कैप्चर हो पाता है और न ही जानकारी अपडेट हो पा रही है। ऐसे में सम्मान सुविधा जैसी आधुनिक प्रणाली का सुचारु संचालन असंभव है। उन्होंने कहा कि अधिकांश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं कम पढ़ी-लिखी हैं, जिन्हें मोबाइल और ऐप संचालन की पर्याप्त जानकारी नहीं है। इसके चलते उन्हें अनावश्यक मानसिक दबाव और परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ऐप का सर्वर अक्सर डाउन रहता है, नेटवर्क न होने से उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती, जबकि कई बार अन्य विभागों के कार्यों में भी उनकी ड्यूटी लगा दी जाती है, जिससे ऑनलाइन उपस्थिति बाधित होती है। संघ ने सवाल उठाया कि जब देश के अन्य राज्यों में यह व्यवस्था लागू नहीं है, तो केवल छत्तीसगढ़ में ही इसे क्यों थोपा जा रहा है, जबकि यहां आज भी कई क्षेत्रों में नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस अवसर पर संघ की जिलाध्यक्ष जयश्री राजपूत, रूखमणी गुप्ता कमलेश्वरी दुर्गे, हेमलता नायक, कुमारबत्ती कोडोपी, शालनी सोनी, पीलाबाई उइके, जागेश्वरी दुग्गा, सोनाली हालदार, रोहणी मटियारा, चंद्रकिरण ठाकुर, संध्यरा पुजारी, अंजु , मंगली, अमरीता सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

### गणतंत्र दिवस में संविधान और लोकतंत्र का महत्व बताया



**कापसी।** विवेकानंद विद्यापीठ छोटे कापसी में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अध्यापक ने ध्वजारोहण किया एवं छात्रों को संविधान और लोकतंत्र का महत्व बताया। छात्रों को गणतंत्र दिवस का महत्व समझाते हुए बताया कि कैसे 26 जनवरी 1950 को भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने छात्रों को भारतीय संविधान की विशेषताओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को और भी यादगार बनाने के लिए सभी उपस्थित लोगों के बीच मिठाई व चॉकलेट वितरित किए गए और एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। बच्चों ने झांकी के साथ प्रभातफेरी निकाली साथ ही कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने छात्रों को देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने का संकल्प दिलाया और उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जय जवान जय किसान के संदेश को देते हुए स्कूल के बच्चों ने हेलीकॉप्टर के जरिए सेना के जवानों कैसे दुश्मनों के छके छुड़ाते हुए अपने देश की रक्षा में दिन रात लगे रहते है और खेतिकीसनी को दर्शाता हुए किसानों के सपनों की उड़ान का संदेश देते हुए योजनाओं का चित्रण किया। कापसी क्षेत्र में विवेकानंद विद्यापीठ की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान अध्यापक सुधानसु मंडल, संचालक आलोक विस्वास, जयदेव ढाली, रेविती मोहन बाला, तारक जयधर, कावेरी विस्वास, कविता हालदार, मनीषा भटाचार्य, बसन्ती हालदार, बबली मालिक एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर जनपद पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**नरहरपुर।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत नरहरपुर कार्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सोमन कावड़े के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। जनपद अध्यक्ष सोमन कावड़े ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान की शक्ति और लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें संविधान में निहित अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी ईमानदारी से पालन करना चाहिए। जनपद पंचायत के माध्यम से ग्रामीण विकास और जनकल्याण के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी उन्होंने दोहराई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीआर सुखदेव ने कहा कि संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का मार्ग दिखाता है। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे शासन की योजनाओं को पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ आम जनता तक पहुंचाएं, ताकि अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत परिसर में देशभक्ति से जुड़े संदेशों की गूंज सुनाई दी। शांतिपूर्ण एवं अनुशासित माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम ने सभी उपस्थित लोगों में राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत किया। अंत में सभी ने एकजुट होकर देश के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरहरपुर बीआर सुखदेव के साथ जनपद पंचायत के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी उपस्थितजनों ने संविधान के प्रति निष्ठा और देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।



## शिक्षक संघ के सतीश बनाए गए जिलाध्यक्ष

**जगदलपुर।** प्रदेश शिक्षक महासंघ ने अपनी कार्यप्रणाली का विस्तार करते हुए सतीश श्रीवास्तव को बस्तर जिले का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रांत अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी के अनुमोदन पश्चात उत्तम सिन्हा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कांकेर टीम साथ जिले के शिक्षकों की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र दिया गया। सतीश को यह दायित्व विगत पदोन्नति में किए गए प्रयासों के फलस्वरुप दिया गया।

# पंडुम, जनजातीय परंपराओं को संवारने की मुख्यमंत्री की अनूठी पहल : नेताम

**सभी ब्लॉक से आए आदिवासियों ने प्रदर्शनी लगाकर दी व्यंजन, आभूषण, सभ्यता की जानकारी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

बस्तर पंडुम-2026 का जिला स्तरीय एक दिवसीय आयोजन जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत भीरावाही के गोंडवाना समाज भवन परिसर में किया गया, जिसमें बस्तर की आदिवासी जनजातियों के पारंपरिक रहन-सहन, खान-पान, वेशभूषा, आभूषण, लोक नृत्य, लोक गीत व प्राचीन सभ्यताओं का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिले के सातों विकासखण्ड से आए समूहों के द्वारा स्टॉल लगाकर जनजातीय परंपराओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक ने जिला प्रशासन के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विलुप्त हो रही जनजातीय परंपरा एवं संस्कृति को सहेजने, संवारने एवं संरक्षित करने की दिशा में बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार की इस पहल का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ना व लोक परंपराओं को अक्षुण्ण रखना है। आदिवासियों की वास्तविक पहचान उनकी परंपरा, संस्कृति, रीति-रिवाज तथा पूजा पद्धति से है, जिसे पुनर्जीवित करने का जिम्मा प्रदेश सरकार ने उठाया है और बस्तर पंडुम का आयोजन इसी ध्येय से किया जा रहा है। आज की युवा पीढ़ी को शिक्षित होने के साथ-साथ अपनी जड़ों से जुड़कर रहने की भी जरूरत है। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने कहा कि जनजातीय समाजों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होता। समाज की युवा पीढ़ी हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। बस्तर पंडुम के माध्यम से यहां की आदिवासी परंपराओं को सहेजने का कार्य सरकार द्वारा की जा रही है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष अरूण कौशिक, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, चारामा अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर, एसपी निखिल राखेचा, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम अरूण वर्मा, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, गोंडवाना समाज के संभाग अध्यक्ष सुमेर सिंह नाग, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष कन्हैया उसेण्डी, गोंडवाना समाज के जिला अध्यक्ष राजेश भास्कर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जया मनु, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद सहित समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि एवं काफी संख्या में लोक नर्तक दलों के कलाकार व ग्रामीणजन मौजूद थे।

### कांकेर में पोस्टिंग होने के बाद पता चला

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने संबोधित करते हुए कहा कि कांकेर में आने के बाद पता चला कि आदिवासियों में इतने विविध प्रकार के व्यंजन, वेशभूषा और जनजातीय परंपराएं हैं। यह अच्छी बात है कि बस्तर अंचल की जनजातियां अपनी हजारों साल पुरानी संस्कृति और सभ्यता को संजोकर रखी है। यहां के लोक नृत्य, लोक गीत और प्राचीन धरोहरों को संरक्षण प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार बस्तर पंडुम का आयोजन पहले विकासखण्ड स्तर पर, उसके बाद आज जिला स्तर पर तथा अगले सप्ताह संभाग स्तर पर जगदलपुर में किया जाएगा।

# अभावों को पछाड़कर राज्य स्तर पर चमकीं वनांचल की बेटियां, खो-खो में दिखाएंगी दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल





यह कहावत कि प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती, इसे सच कर दिखाया है कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल की दो होनहार छात्राओं ने। उत्तर बस्तर सेक्टर स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय की कविता एवं रोशिका का चयन आगामी राज्य स्तरीय खो-खो महिला प्रतियोगिता 2025-26 के लिए किया गया है।

गौरतलब है कि कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय जिला कांकेर के अत्यंत सुदूर एवं वनांचल क्षेत्र में स्थित है, जहाँ बुनियादी खेल सुविधाओं का अभाव है। छात्राओं के पास न तो नियमित अभ्यास के लिए सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान उपलब्ध है और न ही वर्तमान समय में महाविद्यालय में कोई स्थायी क्रीड़ा अधिकारी स्पोर्ट्स ऑफिसर पदस्थ है। इसके बावजूद इन छात्राओं ने अपने निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास और खेल के प्रति समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के निर्देशानुसार आयोजित इस सेक्टर स्तरीय चयन प्रक्रिया में कविता और रोशिका का प्रदर्शन निर्णायकों को विशेष रूप से प्रभावित करने वाला रहा। उनकी फुर्ती, रणनीति और टीम भावना ने उन्हें अन्य प्रतिभागियों से अलग पहचान दिलाई, जिसके फलस्वरूप राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए उनका चयन सुनिश्चित हुआ। इस सफलता की खबर मिलते ही महाविद्यालय परिवार, सहपाठियों एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल बन गया। ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इसे वनांचल की बेटियों की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह सफलता क्षेत्र की अन्य बालिकाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डीएल बढ़ाई ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में हमारी बेटियों ने जो कर दिखाया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। यह उपलब्धि उनके परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वे राज्य स्तर पर भी महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि ऐसे दूरस्थ महाविद्यालयों में खेल सुविधाओं एवं क्रीड़ा अधिकारियों की नियुक्ति की जाए, ताकि ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के और अधिक अवसर मिल सकें।

## मेक जॉन एकेडमी में शान से लहराया तिरंगा

**जगदलपुर।** शहर के हृदय स्थल लाल चर्च के सामने मेक जॉन एकेडमी में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा शान से लहराया। मुख्य अतिथि बिशप रेव्ह एस. सुना, विशिष्ट अतिथि रेव्ह लॉरेंस दास, बस्तर मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष जे. बेचक, एकेडमी के उपाध्यक्ष रत्नेश बेंजामिन, पूर्व जिला प्रॉपर्टी कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र जॉन, शांति नगर वार्ड पार्षद जोस्टिन भवानी, प्रधानाध्यापिका सुजिता कांत ने ध्वज फहराया। प्रमुख आकर्षण के केंद्र विभिन्न नन्हे मुन्ने द्वारा महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, रानीलक्ष्मी बाई, भगत सिंह, लाल बहादुर शास्त्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करते हुए उनकी वेशभूषा धारण किए बने।

## पेज 09 के शेष...

### शराबियों ने जैसाकर्रा...

की धमकी दी। घटना में पीड़ित को कान के पास दर्द की शिकायत हुई है, वहीं वाहन के चारों ओर के कांच, गियर, सामने का बंपर, स्टीयरिंग तथा बॉडी को गंभीर नुकसान पहुंचाया गया। पीड़ित के अनुसार, वाहन क्षति का अनुमानित मूल्य लगभग 90 हजार रूपएं है। पीड़ित प्रवीण शिंदे ने थाना चारामा पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत दर्ज कराई । पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 324(4), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### चरित्र पर शंका...

पहुंचे और उसे तत्काल शासकीय कोमलदेव जिला अस्पताल कांकेर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे रायपुर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर चारामा पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 109 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

### तेज रफ्तार कार...

को उजागर कर दिया है। मृतक के छोटे भाई की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए जाँच में लिया है।

### यातायात विभाग के...

लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं और इस पहल की सराहना भी किया। लोकेश कावड़िया ने लोगों से अपील की कि वे नियमित रूप से स्वास्थ्य जाँच कराएँ और यातायात नियमों का पालन करें। समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य और सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। यातायात विभाग की यह पहल समाज के हर वर्ग के लिए लाभकारी है। शिविर की पूरी व्यवस्था की कमान यातायात प्रभारी दीपक साव ने संभाल रखी थी।

## खबर संक्षेप

### कासोली में जिला स्तरीय वार्षिक सम्मेलन



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम कासोली में जिला स्तरीय वार्षिक सम्मेलन कोया करसाड़ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम आदिवासी संस्कृति के साथ ग्राम के पेरमा गायत्ता वेडे के अध्यक्षता में ध्वजारोहण किया गया। जिसमें जिले के सभी गांव से समाज प्रमुख एवं युवा उपस्थित हुए। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष जिले में वार्षिक आयोजन होता है। जिसमे जिले सभी लोगों को सामाजिक परिवेश रीति रिवाज कल्चर आदि का बोध कराया जाता है। दंतेवाड़ा जिले के ग्राम कासोली में जिलाध्यक्ष बल्लू भवानी, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, सामाजिक प्रमुख छविंद्र कर्मा, सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष सुरेश कर्मा, मूल बस्तरीया समाज के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण कर्मा आदि के उपस्थिति में ध्वजा रोहण कर विधिवत प्रारंभ किया गया।

### पोटाकेबिन आवासीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने विकासखंड कटेकल्याण के बेंगलूर, गाटम,बडेलखापाल, मंडोली स्थित पोटा केबिन आवासीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर संस्थाओं की मूलभूत आवश्यकताओं एवं मरम्मत कार्यों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। इस क्रम में सर्वप्रथम पोटाकेबिन बेंगलूर पहुंचे जहां उन्होंने कक्षा-2 और कक्षा 5 वीं छात्राओं से उनकी पढ़ाई के स्तर को परखा । कक्षा-2 में उन्होंने जहां बच्चों से अंग्रेजी की वर्णमाला का पाठ करवाया । वहीं कक्षा 5 वीं में उन्होंने हिन्दी कक्षा में छात्रों से हिन्दी पाठों के पैराग्राफ पढ़कर सुनाने को कहा। मौके पर छात्रों ने कलेक्टर के कहे अनुसार सही उच्चारण से पढ़कर सुनाया इसके लिए कलेक्टर ने उन्हें प्रशंसा की। इसके साथ ही कलेक्टर ने कम्प्यूटर कक्ष का भी अवलोकन किया और उपस्थित शिक्षकों को चैट जीपीटी के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा देने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर ने आवासीय विद्यालय के भोजन कक्ष को भी देखा यहां अधीक्षक ने बताया कि पहली से आठवीं तक 349 बच्चें निवासरत है। इन बच्चों को नियमित रूप से नियमित नाश्ता, भोजन के अलावा अंडे भी दिये जाते है। मौके पर कलेक्टर ने कहा कि छात्रों की संख्या के अनुरूप एवं आवश्यकता को देखते हुए शौचालय निर्माण को प्राथमिकता से बनाया जाये।

### डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस मना



**बस्तर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी में गणतंत्र दिवस का आयोजन देशभक्ति और उत्साह के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत की सरपंच लता बघेल रहीं। समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं भव्य मार्च-पास्ट के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अनुशासन और देशभक्ति का परिचय दिया। ध्वजारोहण के पश्चात छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें देशभक्ति नृत्य, नाटक, गीत एवं कविताएँ शामिल रहीं। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# अव्यवस्थाओं से त्रस्त बस्तर के किसान, सरकार के दावों से जमीनी हकीकत अलग : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

जिला बस्तर सहित संभाग के हजारों अन्नदाता किसान इस समय धान उपार्जन की गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। एग्रीटेक पोर्टल, टोकन प्रणाली एवं लेम्पस की सीमित क्षमता के चलते किसानों को धान बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि टोकन नहीं कटने, कैरी फारवर्ड नहीं होने और तकनीकी खामियों के कारण किसान तहसील, लेम्पस, सहकारिता, खाद्य एवं राजस्व कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। विधायक लखेश्वर

## तौलाई मजदूरी भी अलग-अलग दरों पर वसूली जा रही, जो सरासर अन्याय



विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि धान जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित है, लेकिन लेम्पस की प्रतिदिन की लिमिट बहुत कम होने के कारण अधिकांश केंद्रों में टोकन पहले ही कट चुके हैं। बड़ी संख्या में किसान द्वितीय किश्त का टोकन कटवाने के लिए भटक रहे हैं। किसानों की मांग है कि लेम्पस की दैनिक खरीदी सीमा बढ़ाई जाए और द्वितीय किश्त के टोकन तत्काल जारी किए जाएं। उन्होंने लेम्पसों में व्याप्त अनियमितताओं पर भी गंभीर सवाल उठाए। धान खरीदी केंद्र पर किसान तो बड़ी आस के साथ अपनी टोकन कटाने आ रहे है पर एक बार कट रहा है पर दुबारा अपनी धान नहीं बेच पा रहे हैं। किसानों से इस तरह की रवैया बर्दास्त नहीं करेंगे । कभी छत्तीसगढ़ को धान का कठोरा कहा जाता था पर अब तो किसानों के बर्बादी का कारण बनते जा रहे हैं। रायपुर में हुई मंत्रिमंडल परिषद बैठक से किसानों को बड़ी उम्मीद थी कि धान खरीदी से जुड़ी समस्याओं पर ठोस निर्णय लिया जाएगा, लेकिन किसानों के विषय में कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय नहीं हुआ, जिससे किसानों में भारी निराशा है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, तकनीकी खामियों को दूर किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि बस्तर का कोई भी किसान अपनी मेहनत की फसल बेचने से वंचित न रहे।

बघेल ने कहा कि सरकार भले ही समाचार पत्रों और न्यूज़ चैनलों में किसानों से एक-एक दाना खरीदने के दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। कई ऐसे किसान हैं जिन्होंने पूर्व वर्षों में नियमित रूप से धान बेचा है, लेकिन एग्रीटेक पोर्टल लागू होने के बाद उनके खसरा या पंजीयन स्वीकार नहीं हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि वनाधिकार पट्टाधारी किसान सबसे अधिक प्रभावित हैं। इन किसानों ने खेती के लिए बैंकों से ऋण लिया है। यदि धान खरीदी नहीं हुई तो ऋण वसूली संभव नहीं होगी और किसान कर्जदार बन जाएंगे, जिससे उनके परिवारों पर गंभीर मानसिक व आर्थिक संकट उत्पन्न होगा।

### मैत्री संघ स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



जगदलपुर। शहर के मैत्री संघ विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संस्था अध्यक्ष दीपक घोष मौजूद रहे। अतिथियों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान की धुन से विद्यालय प्रांगण गुंजायमान हो गया। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को सदैव अनुशासित रहने की बात कही। जिसके बाद छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। देशभक्ति गीत, कविता एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। हायर कक्षा की छात्राओं के द्वारा सात प्रांतो की वेशभूषा धारण कर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। मौजूद अतिथियों सहित पालकगणों ने नन्हे बच्चों की प्रसंशा की। संस्था महासचिव सुनील साहा ने सफल आयोजन के लिए प्राचार्य सहित शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में देवव्रत बराल, देवाशीष चौधरी, रूपक मुखर्जी विश्वजीत भट्टाचार्य, प्राचार्य रविंद्र विश्वास एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस पर शिरडी साईं फाउंडेशन सेवा समिति ने किया कपड़ा वितरण



**गीदम।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिरडी साईं फाउंडेशन सेवा समिति गीदम इकाई द्वारा सेवा, सहयोग एवं राष्ट्रभक्ति से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों द्वारा ग्राम पंचायत पुरनतराई पहुँचकर जरूरतमंद ग्रामीणों एवं विद्यालय के बच्चों को कपड़ा एवं कंबल वितरण किया गया। कपड़ा वितरण कार्य के लिए समिति के सदस्य प्रकाश राठी, आलोक ठाकुर, शिव वीर सिंह चौहान एवं संजू चौहान ग्राम पंचायत पुरणतराई पहुँचे और स्वयं उपस्थित रहकर वितरण कार्य संपन्न कराया। ग्रामीणों ने समिति के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। इसी क्रम में समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण नाका पारा में युथ क्लब जिम के सामने सम्पन्न हुआ, जिसे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गीदम के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा किए गए ध्वजारोहण से पूरा वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर गीदम के प्राचार्य विजय दुबे एवं अन्य आचार्य दीदियों का सहयोग प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति को प्राप्त हुआ। समिति के सदस्यों ने उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### बड़े चकवा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



घाटलोहंगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय, बड़े चकवा सहित क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम पंचायतों में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों, पंचायत भवनों एवं सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहराया गया, जो क्षेत्र में विकास, एकता और संविधान की मजबूती का प्रतीक बना। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, बड़े चकवा में आयोजित मुख्य समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और राष्ट्रगान की गूंज से गूंज उठा। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## बचेली व गीदम में 46 मतदाताओं के नाम हटाने प्रारूप-7 किया जमा

**भाजपा के साथ मिलीभगत कर साजिश कर रहा है चुनाव आयोग**

# विशेष समुदाय के मतदाताओं का हटाया जा रहा नाम : उसमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को पत्रवार्ता कर चुनाव आयोग, राज्य निर्वाचन व जिला निर्वाचन पर आरोप लगाते हुए कहा कि दंतेवाड़ा जिले में निवासरत विशेष समुदाय वर्ग के मतदाताओं का नाम हटाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष सलीम रज़ा उस्मानी ने कहा कि नाम

- कांग्रेस अध्यक्ष की मां सहित गीदम की निर्वाचित पार्षद भी नाम हटाने किया आवेदन

हटाये जाने का मामला बचेली व गीदम में पुख्ता रूप से उजागर हुआ है। ये खेल बीजेपी के कहने पर ही चुनाव आयोग कर रहा है। बीजेपी के कार्यकर्ताओं को चुनाव आयोग प्रारूप-7 में जिनको हटाना है उनके नाम बकायदा टाइप करके दे रहा है और आवेदक का नाम जहां अंकित किया जाना है, उस स्थान को खाली छोड़ दिया जाता है, जिसे बीजेपी किसी का नाम भी लिखकर फार्म को निर्वाचन कार्यालय में दे दिया जाता है।



### आवेदकों के नाम, मोबाइल नंबर व ईपिक नम्बर आपस मे मेल नहीं खाते

प्रारूप-7 में यदि आपत्ति दर्ज कराना है तो आवेदक को अपना नाम, मोबाइल नंबर और ईपिक नम्बर का उल्लेख किया जाता है, लेकिन इस मामले में आवेदकों द्वारा मोबाइल नंबर किसी अन्य व्यक्तियों दर्शाया गया है, मोबाइल पर कॉल किये जाने पर इंदौर, छिंदवाड़ा, रीवां, महू मध्यप्रदेश, प्रयागराज उत्तरप्रदेश, बिलाईगढ़, जगदलपुर, सुकमा के निवासी रिसीव करते हैं और उनके नाम आवेदकों के नाम से अलग है और किसी भी तरह के आवेदन करने से इंकार करते हैं। साथ ही आवेदकों के ईपिक नम्बर सर्च करने पर नॉट फाउंड बता रहा है। बहुत से मोबाइल नंबर अस्थाई रूप से सेवा में भी नही है। इससे यह साबित होता है कि आवेदक पकड़ा ना जाये और उस पर कार्यवाही भी ना हो सके। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सलीम रज़ा उस्मानी की माता आशिया बेगम उस्मानी, नगर पंचायत गीदम के वार्ड क्रमांक 10 की वर्तमान पार्षद हीना रिजवी एवं प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री शकील रिजवी का नाम हटाने का आवेदन में आवेदक ने यह उल्लेख किया है कि ये लोग यहां से स्थायी रूप से नहीं रहते हैं। साथ ही बचेली एनएमडीसी में कार्यरत दो कर्मचारियों के बचेली नही रहते हैं इनका नाम हटाया जाय।

प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री शकील रिजवी, महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा शोरी, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष द्वय संतोष दुबे व विवेक देवांगन उपस्थित रहे।

### गीदम में 27 और बचेली में 19 नाम

नगरपालिका बचेली एवं नगर पंचायत गीदम में कई वर्षों से निवासरत विशेष समुदाय के मतदाताओं के नाम हटाने प्रारूप-7 में आवेदन कर आवेदकों यह जानकारी दी गई है कि ये मतदाता स्थायी रूप से यहां नही रहते हैं। बचेली में बूथ क्रमांक 126 में 2, बूथ क्रमांक 133 में 2, बूथ क्रमांक 137 में 6, बूथ क्रमांक 140 में 6, बूथ क्रमांक 142 में 2, बूथ क्रमांक 143 में 1 और गीदम में बूथ क्रमांक 63 मे 27 नाम हटाने के लिए शामिल किया गया है। गौरतलब है कि दावा आपत्ति 22 जनवरी को समाप्त हुआ लेकिन 23 जनवरी की शाम को तहसील कार्यालय से बीएलओ को प्रारूप-7 देकर नाम हटाने की प्रक्रिया करने को कहा गया।

## जिले की बेटी बिंदिया विश्वकर्मा बनी आत्मनिर्भरता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले की बेटी बिंदिया विश्वकर्मा की कहानी उन असंख्य बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखती हैं। लौह नगरी बचेली की रहने वाली 20 वर्ष बिंदिया विश्वकर्मा के पिता योगेश्वर विश्वकर्मा बचेली स्थित राष्ट्रीय खनिज विकास निगम में अनुबंध श्रमिक के रूप में कार्यरत हैं तथा उनकी माता लता विश्वकर्मा गृहिणी हैं। परिवार की आय सीमित होने के कारण कई बार आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।



बिंदिया की एक बहन और भाई भी है । जिनकी शिक्षा और भविष्य की जिम्मेदारी भी उनके पिता पर थी, पिता के कार्य के कारण परिवार पिछले लगभग 20 वर्षों से बचेली में निवास कर रहा है, जबकि उनका मूल निवास मसुला ग्राम, जिला राजनांदगांव है। परिवार सीमित आय के कारण बिंदिया के लिए मनचाही पढ़ाई करना आसान नहीं था, लेकिन उसने परिस्थितियों से हार नहीं मानी। बिंदिया की जीवन यात्रा में बड़ा परिवर्तन उस समय आया, जब उन्होंने 11वीं कक्षा के दौरान जावंगा स्थित नवगुरुकुल में प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की। पहले उनका सपना भवन निर्माण से जुड़ा कार्य करने का था, लेकिन नवगुरुकुल से जुड़ने के बाद उनकी सोच का दायरा विस्तृत हुआ। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कई डिजिटल माध्यम तैयार किए, अनेक असफलताओं का सामना किया, उनसे सीख ली और निरंतर आगे बढ़ती रहीं। नवगुरुकुल द्वारा आयोजित नवाचार प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उन्होंने अपने ज्ञान को व्यवहार में उतारा। उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त की तथा एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रतियोगिता में उनकी टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। नवगुरुकुल संस्था ने उन्हें केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं दिया, बल्कि आत्मविश्वास, लोगों के सामने अपने विचार रखने की क्षमता, स्पष्ट संवाद और निरंतर सीखते रहने का संस्कार भी दिया। उनकी भाषा कौशल और तकनीकी समझ में उल्लेखनीय सुधार हुआ। इसके पश्चात वे जब वे पोटा केबिन कार्यक्रम से जुड़ीं। यह कार्यक्रम ग्रामीण और वंचित बच्चों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता से परिचित कराने पर केंद्रित है, ताकि वे भविष्य के लिए तैयार हो सकें। वर्तमान में बिंदिया इस कार्यक्रम में मार्गदर्शक सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। वे बच्चों को नई तकनीक की जानकारी दे रही हैं और यह समझा रही हैं कि तकनीक किस प्रकार उनके जीवन में नए अवसर खोल सकती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से कई ऐसे बच्चे, जो आर्थिक कारणों से नियमित पढ़ाई नहीं कर पा रहे थे, अब घर बैठे बेहतर तरीके से सीख पा रहे हैं।

## विधायक ने 144 छात्राओं को दिए साईकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साईकिल योजना के अंतर्गत मंगलवार को बास्तानार ब्लॉक के किलेपाल स्कूल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक विनायक गोयल ने 144 छात्राओं को साईकिल का वितरण किया।

इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना, स्कूल तक पहुंच को आसान बनाना तथा बालिका शिक्षा को मजबूती प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान विधायक विनायक गोयल ने छात्राओं को साईकिल प्रदान करते हुए कहा कि सरस्वती साईकिल योजना बालिकाओं के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। सायकल मिलने से छात्राओं की विद्यालय तक नियमित उपस्थिति बढ़ेगी, समय की बचत होगी और वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे बड़ी कुंजी है और सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

बास्तानार ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों में निम्नानुसार साईकिलों का वितरण किया गया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी माध्यम किलेपाल में 6, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बास्तानार में 7, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागमुण्डी पनेडा में 2, शासकीय हाई स्कूल तिरथुम में 2 सायकल, शासकीय कन्या हाई स्कूल किलेपाल में सर्वाधिक 50, शासकीय कन्या कस्तूरबा गांधी विद्यालय बास्तानार में 29, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुरांगुर में 13, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पालानार में 8, शासकीय हाई स्कूल लालागुड़ा में 7, शासकीय हाई स्कूल बड़े काकलूर में 1, शासकीय हाई स्कूल कुमापारा में 6, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मूतनपाल में 13 सायकल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं के चेहरे पर सायकल प्राप्त करने की खुशी साफ झलक रही थी। छात्राओं ने बताया कि अब उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और वे नियमित रूप से पढ़ाई कर सकेंगी।

अभिभावकों ने भी शासन एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को नई दिशा दे रही है। विधायक गोयल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

## गांधी को भूल गए नेता व अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

तोकापाल ब्लॉक मुख्यालय के सामने महात्मा गाधी कि मूर्ति का स्थापना किया गया है और गांधी के नाम पर चौक को जाना जाता है। साथ में मुख्यालय होने के नाते इसके बीईओ कार्यालय, बीआरसी, सीईओ ऑफिस हॉस्पिटल मुख्यालय, पीएचई कार्यालय व सबसे बड़ी बात तो तहसील, एसडीएम कार्यालय होने बावजूद कोई अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है ओर कितना इत्तेफाक है कि तोकापाल ब्लॉक मुख्यालय के सामने गांधी धूल से ढके हुए हैं और उसी के बाजू में बीजेपी कार्यालय है जहां पर हमारे वर्तमान विधायक और जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी शिव मैडम जनपद इस रोड से गुजरते रहे है लेकिन सालों से उसे जगह पे झंडा फहराया जाता था लेकिन 26 जनवरी के दिन गांधी धूल से ढके हुए हैं और ना वहां साफ सफाई ना झंडा वंदन किया गया यह काफी सोचने का विषय है जो व्यक्ति के प्रयास से आजादी मिली उसे ही भूल गये।

### शहर भ्रमण कर दिया गया शांति और एकता का संदेश

**जगदलपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरे नगर में जहां देश भक्ति का भाव देखने को मिला वहीं विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने तिरंगा यात्रा कर नगर कों देश भक्ति के रंग में घोल दिया। जिलाध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता ने बताया की यह यात्रा पुरे नगर में भ्रमण कर प्रत्येक भारतीय को देश भक्ति से जोड़ने और सदभावना का भाव जगाई। बस्तर शांति का टापू है और हम बस्तर सहित पुरे भारत में संदेश देना चाहते है की हम सभी एक रहेंगे तभी सेव रहेंगे।

## सोलर लाइटें बंद, अंधेरे में डूबा केशलूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

तोकापाल मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर में केशलूर चौक में पिछले लंबे समय से सोलर स्ट्रीट लाइटों के खराब होने के कारण ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के निराकरण हेतु आज अभिषेक डेविड के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों के साथ क्रेडा विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर



जल्द से जल्द सुधार कार्य शुरू करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर सौर ऊर्जा लाइटें तो लगवा दी, लेकिन उनके उचित रखरखाव की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वर्तमान में अधिकांश लाइटें शो-पीस बनकर रह गई हैं। रात होते ही गांव की गलियां अंधेरे में डूब जाती हैं, जिससे बुजुर्गों और बच्चों को पैदल चलने में परेशानी होती है। केशलूर चौक में आंध्रपदेश, तेलंगाना, ओड़िसा से भारी ट्रकों का आगमन होता है जो चौक छोटी होने के चलते लाइट कि बहुत ही ज्यादा आवश्यकता होती है और पंचायत भी ध्यान नहीं देता, ना ही कोई प्रशासन अधिकारी। इस चौक में कोई बड़ी घटना का इंतजार होने पर सुधारा जायेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान नकुल मौर्य, गौरव दास, रोशन राज, लक्ष्मण सहित भारी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। क्रेडा अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही तकनीकी टीम भेजकर लाइटों का निरीक्षण और मरम्मत कराई जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर लाइटें ठीक नहीं हुईं, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बदरंगी के आश्रित ग्राम मरदा में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**कोयलीबेड़ा।** ग्राम पंचायत बदरंगी के आश्रित ग्राम मरदा में शाला के शिक्षकों, बच्चों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस मनाया गया। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक सनकू राम मांडवी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात संस्कृतीक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें शाला के बच्चों के द्वारा गीत कविता भाषण की प्रस्तुति दी गई, जिसमें शाला के शिक्षक उमेश शुक्ला, रामदयाल आचले, कृष्णकांत धुर्वे, पन्नालाल कौशल, पंचायत सचिव लछिनदर बघेल, मोहनलाल वर्मा, गंगेश्वरी टीकम सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### तराईघोटिया में आज वार्षिक देव मेला

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत तराईघोटिया में परंपरागत एक दिवसीय वार्षिक देव मेला का आयोजन 29 जनवरी गुरुवार को किया जाएगा। ग्राम पटेल देवसिंह कल्लो, ग्राम गायता प्रवीण कल्लो, लतीफ बघेल, अनिल कल्लो, अरुण कल्लो एवं ग्राम पंचायत के सरपंच जबाय जगदेव नुरुटी ने बताया कि इस मेले में आसपास के ग्राम नागहुर, नेडगांव, रसोली, सिवनी, गोटुल मुंडा, छिदगांव सहित अन्य गांवों के ग्रामीण, व्यापारी एवं देवी-देवताओं की सहभागिता रहेगी।

### योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**दुर्गुकोंदल।** सुखई में आयोजित पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ 27 जनवरी को किया गया। शिविर के प्रारंभिक सत्र में प्राथमिक शाला सुखई के शिक्षक एवं संकुल समन्वयक किशोर विश्वकर्मा को उनकी अनुकरणीय और प्रेरणादायी पहल के लिए सम्मानित किया गया। शिविर में उप सरपंच मुकेश कुमार गावड़े, ग्राम प्रमुख बंशीलाल लाल माहवे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### विधायक सावित्री ने सड़क हादसे में दो घायलों को पहुंचाया अस्पताल



**कांकेर।** चारामा विकासखंड के ग्राम दरगाहन मोड में खड़े ट्रक से मोटर सायकल के टकराने के कारण एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। इस हादसे में तेलगुड़ा निवासी मोहित दर्रो और उसका एक मित्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मोहित दर्रो अपने मित्र के साथ दरगाहन क्षेत्र से मोटर सायकल से जा रहा था, तभी सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद वहां से गुजरने वाले कई लोग मौके पर रुके नहीं और घायलों की मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। इसी दौरान विधायक सावित्री मंडावी अपना कार्यक्रम समाप्त कर सेलेगांव से लौट रही थीं। रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त युवकों को देखकर उन्होंने तुरंत अपना काफिला रुकवाया। विधायक ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए घायलों को एक दूसरे गाड़ी से चारामा अस्पताल पहुँचाया और घटना की जानकारी पुलिस को दिया। विधायक के घायलों के तुरंत अस्पताल पहुँचाने से समय में घायलों को ईलाज मिलना शुरू हो गया था। समाचार लिखे जाने तक किसी पक्ष ने अपराध दर्ज नहीं कराया है।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


**दिवस : भानुप्रतापपुर में यूथ क्लब ने मुख्य चौक पर फहराया विशाल तिरंगा**

# गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कर अमर और वीर शहीदों को किया नमन और बाइक रैली निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर यूथ क्लब भानुप्रतापपुर द्वारा नगर के मुख्य चौक पर विशाल तिरंगा फहराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजा-अर्चना से की गई। इसके पश्चात नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में स्वच्छता की जिम्मेदारी संभालने वाली मणिकंचन केंद्र की अध्यक्ष सीता साहू, पुर्णिमा श्रीवास, सुमन देवांगन, सुशीला साहू एवं उनकी टीम तथा नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौड़ के कर-कमलों से तिरंगा फहराया गया। ध्वजारोहण के पश्चात यूथ क्लब द्वारा तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली भानुप्रतापपुर की चारों प्रमुख सड़कों से होते हुए संबलपुर मार्ग होकर पुनः मुख्य चौक पर समाप्त हुई। यूथ क्लब की ओर से प्रेम शर्मा ने कहा कि मुख्य चौक पर ध्वजारोहण का उद्देश्य यह है कि भानुप्रतापपुर के समस्त नगरवासी एक साथ मिलकर गणतंत्र दिवस मना सकें। यूथ क्लब विगत वर्षों से लगातार मुख्य चौक पर विशाल तिरंगा फहराता आ रहा है और इसके लिए क्लब समस्त नगरवासियों का आभार व्यक्त करता है। कार्यक्रम में यूथ क्लब से गौरव श्रीवास्तव, विवेक डडसेना, कनिष्का राजपूत, राहुल साहू, कनक सिंह राजपूत, रोमित पटेल, भक्तेश्वर सिन्हा, वेदप्रकाश सिंहा, कौशल रामटेके, आयुष जायसवाल, मोहित विश्वास, अंकुर दास, रोहित विश्वकर्मा, सुभाष कोठारी, स्पर्श साहू, गौरांग जैन, रुद्र मिश्रा, हर्ष, देव वर्मा, गणेश आंचला, संदीप छाबड़ा, सौरभ सचदेव, गौतम सूर्यवंशी, शुभम बाबू साहू, रौनक सचदेव, समर, हर्ष डडसेना, अरमान पांडे, धर्म कश्यप, पृथ्वी सिंह, अभय, विनय सिंघारे, आदर्श सिंह ठाकुर, स्वर्णिम बाजपेई, शुभ जना, अंश पांडे, सिद्धार्थ विश्वास, हर्ष पांडे, कुशाल मनकर, किरण नेताम, ईशा मंडावी, यॉंजलि कोर्चे सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

### बयानार में गणतंत्र दिवस पर बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**भानुप्रतापपुर।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर हमर ग्राम बयानार में पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विधिवत ध्वजारोहण किया गया, जिसमें ग्रामवासी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में प्यारे-प्यारे बच्चे उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात कन्या आश्रम बयानार में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशेष रूप से छोटे बच्चों द्वारा नशा मुक्ति विषय पर दी गई प्रस्तुति को सभी ने सराहा। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ ने आदिवासी वेशभूषा धारण कर छत्तीसगढ़ महतारी की मनमोहक झलक प्रस्तुत की, जिससे कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ गई। पूरे आयोजन ने ग्रामवासियों में देशप्रेम, एकता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।

### स्टूडेंट्स यूनियन ने मनाया 77वां गणतंत्र दिवस



**भानुप्रतापपुर।** स्टूडेंट्स यूनियन के तत्वाधान में 77वां गणतंत्र दिवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में पूरे जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। समारोह को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा युवा ही राष्ट्र की असली शक्ति हैं। यदि हमारी युवा पीढ़ी अनुशासित और संकल्पित हो, तो भारत को विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। आप अपनी ऊर्जा का उपयोग समाज और देश के निर्माण में करें। यूनियन की ओर से आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और नगरवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस महापर्व को ऐतिहासिक बनाया। हम उन सभी साथियों और नागरिकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाया।



### प्रेस क्लब भानुप्रतापपुर में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**भानुप्रतापपुर।** प्रेस क्लब भानुप्रतापपुर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की तस्वीर पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ हुई, इसके पश्चात ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात शहीद गैंद सिंह नायक फिजिकल एक्टिविटी एंड फिटनेस ग्रुप, भानुप्रतापपुर द्वारा पूर्व में आयोजित खेलकूद एवं लिखित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रेस क्लब के पदाधिकारियों सचिव अभिषेक पाण्डेय, वरिष्ठ पत्रकार सुमंत सिन्हा, संजय सोनी, दीपक शर्मा, राजेश रंगारी, यशवंत चक्रधारी, मयंक सोनी, आकाश साहू एवं अनुज तिवारी द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। प्रेस क्लब सचिव अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि यह संस्था उन युवाओं के लिए आशा की किरण है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद सेना एवं अर्धसैनिक बलों में जाने का सपना देखते हैं। प्रेस क्लब भविष्य में भी ऐसे सकारात्मक और समाजहित से जुड़े कार्यों में सहयोग करता रहेगा। वरिष्ठ पत्रकार सुमंत सिन्हा ने कहा कि कांकेर जिले के साथ-साथ बाहर के जिलों से भी युवा यहां प्रशिक्षण लेने आ रहे हैं। ग्रामीण एवं आदिवासी अंचल के बच्चों को इस तरह का अनुशासित प्रशिक्षण देकर राष्ट्रसेवा के लिए तैयार करना सराहनीय कार्य है।

### रेलवे स्टेशन में गणतंत्र दिवस का आयोजन, तिरंगे को दी सलामी



**भानुप्रतापपुर।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन भानुप्रतापपुर में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य एवं सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर श्रीराम शोरी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ, जिसमें उपस्थित सभी जनों ने देशभक्ति की भावना के साथ सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की एक विशेष एवं भावुक करने वाली झलक तब देखने को मिली जब सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तिरंगे को सलामी दी। जवानों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को और अधिक अनुशासित व राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत बना दिया। इस अवसर पर व्यापारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य भी कार्यक्रम का हिस्सा बने और उन्होंने राष्ट्रीय पर्व को एकजुटता एवं भाईचारे के साथ मनाया। वक्ताओं ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान के मूल्यों स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व को आत्मसात करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं मिष्ठान वितरण के साथ हुआ। रेलवे स्टेशन परिसर में पूरे आयोजन के दौरान देशभक्ति का वातावरण बना रहा और उपस्थित जनसमूह ने इस आयोजन को यादगार बताया। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्यों, रेलवे प्रशासन, व्यापारी संघ तथा सुरक्षा बलों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित रेलवे सलाहकार समिति के सदस्यों में दिलदार सिंह ठाकुर सेवानिवृत्त शिक्षक, अनंत गोपाल कोठरी वरिष्ठ व्यवसायी, मोहन हरद्वानी वरिष्ठ व्यवसायी, प्रदीप जैन उपाध्यक्ष, चेम्बर ऑफ कॉमर्स छत्तीसगढ़, अभिषेक पाण्डेय सचिव पत्रकार संघ एवं आदित्य गोलानी पत्रकार शामिल रहे।

### हाईस्कूल सालेभाट में ध्वजारोहण कर मनाया गया गणतंत्र दिवस



**कांकेर।** गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम न केवल राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत था, बल्कि स्थानीय समुदाय, छात्र छात्रोंओ और शिक्षकों के सामूहिक प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण भी साबित हुआ। समारोह की शुरुआत शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष प्रीतराम मरकाम, हाईस्कूल प्रांगण एवं गांव में सरपंच जनप्रतिनिधि द्वारा तिरंगे को फहराकर की गई, जिसने पूरे गांव में देशभक्ति की लहर दौड़ा दी। आयोजित कार्यक्रम में प्राथमिक, माध्यमिक व हाईस्कूल के बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने दिल को छू लेने वाले देशभक्ति भाषण दिए प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किए, जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्र की एकता और विविधता को दर्शाया। बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों में गणतंत्र दिवस का उत्साह देखते ही बना। पूरा गांव इस राष्ट्रीय पर्व में एकजुट होकर शामिल हुआ। इस अवसर पर हाईस्कूल सालेभाट के प्राचार्य छबिलाल यादव ने एक सराहनीय पहल की शुरुआत की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों और संस्थाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किए। बस्तर ओलंपिक और सांसद खेलकूद में भाग लेने वाले तथा विजयी खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स ऑफ द ईयर सम्मान, बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को ज्ञानदीप सम्मान और साथ ही ग्राम पंचायत सालेभाट को सामुदायिक सहभागिता, सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। यह पहल न केवल छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगाएगी, बल्कि समुदाय को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। स्वच्छ हरित विद्यालय रेटिंग में उपलब्धि फणीश्वर साहू व्याख्याता हाईस्कूल सालेभाट को स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग में जिला प्रशासन कोण्डागांव द्वारा सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार स्कूल की स्वच्छता, हरित पहल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण को दर्शाता है। एक ऐसा कदम जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बनेगा। कार्यक्रम में के सरपंच अंजू तुलेश नेताम, फणीश्वर साहू, विजय ध्रुव, उत्तरा तारम,भारती वर्मा, ढालेश्वरी साहू, परमात्मा समरथ, माधुरी बंजारे, कुशला मंडावी, टिकेश्वर सोनबेर, आसतला कावड़े, तुलेश नेताम, प्रेमलाल नेताम, रामभरोष शोरी, पवन मरकाम सहित अन्य उपस्थित रहे।

### चिहारीपारा में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**सरोना।** सरोना तहसील अंतर्गत प्राथमिक शाला ग्राम चिहारीपारा में गणतंत्र दिवस का पर्व पूरे उत्साह, गरिमा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं बच्चों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। सुबह से ही विद्यालय परिसर को सजाया गया था और ग्रामीणों में विशेष उत्साह बना हुआ था। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात ग्राम के प्रमुख सियान फुलचंद कुंजाम, गयंता राजाराम नेताम, विष्णु शोरी, मंगलराम मंडावी, चैतराम बोध, सेवक राम नेताम, शिवलाल नेताम, बोहरन नेताम, शंकर शोरी, कोटवार रामलाल, वार्ड पंच गायत्री नेताम एवं पूर्णिमा नेताम के द्वारा विधिवत रूप से तिरंगा ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के बाद सभी उपस्थित जनों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा और सम्मान प्रकट किया। गणतंत्र दिवस समारोह की विशेष आकर्षण नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। बच्चों ने बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति पर आधारित रेला पाठा नृत्य की सुंदर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे परिसर में तालियों की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान, लोकतंत्र और देश की एकता एवं अखंडता के विषय में अपने विचार रखे। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और देशभक्ति की भावना अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला की शिक्षिका सुनीता भास्कर, खेमेश्वरी पुजारी, शिक्षक भुनेश्वर साहु , आंगन बाड़ी कार्यकर्ता गोदावरी शोरी,सहित गांव के ग्रामीण संजू टेकाम, बिरिजलाल मंडावी, अजय टेकाम, करण शोरी, देवेश मरकाम, सुरज मंडावी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सटेली में प्रभात फेरी निकली और मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**दुर्गुकोंदल।** प्राथमिक शाला सटेली में पंचायत स्तरीय 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया, जिसमें ग्राम महेंद्रपुर, सटेली और राऊरवाही के शिक्षक पालक एवं छात्र छात्राएं सम्मलित हुए। छात्राओं ने गाँव की विभिन्न गलियों से गुजरते हुए गांव की मुख्या चौक तक प्रभात फेरी निकली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीलम नरेटी ने ध्वजारोहण कर तिरंगा को सलामी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा, शिक्षा ही विकास की पहली सीढ़ी है। हमें गर्व है कि हमारे ग्रामीण अंचल के बच्चे प्रतिभा के धनी हैं, बस उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरपंच बलराम टेपारिया ने अपने संबोधन में कहा गणतंत्र दिवस हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। हम सबको मिलकर अपने पंचायत को आदर्श बनाना है। इस अवसर पूर्व सरपंच रैनसिंह कोठरे, आशा दुग्गा, बलीराम नरेटी, राधिका पीलम नरेटी और उपसरपंच तीजन गावड़े, नरेश कोमरे, कलेष जैन, कुलेश कोमरे, श्रवन टेपरिया, दयाराम नरेटी, शिवलाल नरेटी, मंगलू कोमरे, भारत निषाद, चुन्नू सोम, संभू राणा, रमशु नरेटी, देवाराम कोठारे, जितेंद्र नायक, रवीशंकर साहू, देवीलाल मंडावी, सुखूलाल नेताम आदि उपस्थित रहे।



### तालाकुर्रा में हर्षोल्लास से 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया

**कांकेर।** ग्राम तालाकुर्रा में गणतंत्र दिवस पूरे सम्मान, उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के सरपंच विनोद रावटे के द्वारा ग्राम पंचायत में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शुभेष मिश्रा प्राचार्य ने किया एवं इसके साथ ही ग्राम के विभिन्न संस्थानों में ध्वजारोहण सम्पन्न हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात सभी अतिथि का पुष्पमाला से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और साथ ही पंचायत द्वारा समाज एवं गांव क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज प्रमुखों नारायण सिंह जैन, महेश भुआर्य, झाड़ूराम नुरुटी, बृजलाल साहू, मणिशंकर यदु, मनराखन पदमाकर, तुकाराम कुलदीप एवं संजय जैन को देवी भागवत कथा सफल आयोजन पर श्रीफल एवं शाल से सम्मान किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। 77वां गणतंत्र दिवस पर शाउमावि में वरिष्ठ व्याख्याता बनमाली प्रसाद ठाकुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वार्ड पंच पूरनलाल साहू, सांस्कृतिक कला मंच पर संजय जैन अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, माध्यमिक शाला में जितेन्द्र साहू उपसरपंच, पशु चिकित्सालय में जोगीराम नुरुटी ग्राम पटेल, संकुल केंद्र नारायण सिंह जैन सेवानिवृत प्रधान पाठक, आंगनबाड़ी केंद्र क्र 01 गौतम गांवर अध्यक्ष ग्राम सभा, प्राथमिक शाला पंच धनेश्वरी रावटे, महिला संगठन भवन अश्वनी सोनी, प्राथमिक शाला भाटापारा पूर्णिमा बारला, प्राथमिक शाला तेतापारा इंद्रावती कवाडे, आंगनबाड़ी केंद्र क्र 02 कुंवरलाल उइके भाठापारा, आंगनबाड़ी 3 संतोषी हिचामी, पोराभाठा पारा आँगनबाडी 4 में वार्ड पंच सुमित्रा नुरुटी द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

**पं. तोरण शर्मा का प्रवचन 30 तक जारी रहेगी**

## भागवत के सातवे दिन श्रीकृष्ण एवं सुदामा की मित्रता की अनूठी प्रेम कथा श्रद्धालुओं ने सुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



आध्यात्मिक चेतना, भक्ति और आस्था के अद्भुत संगम के बीच श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा सत्संग के सातवें दिवस बुधवार को व्यास पीठ पर विराजमान पंडित तोरण शर्मा कुरना वाले ने जरासंघ वध एवं श्रीकृष्ण-सुदामा प्रसंग की कथा बताई। कथा सुनने के लिए कथा पंडाल पर भक्तो के भीड़ जुटी रही। कल गुरुवार को तुलसीवर्षा, भगवान की शोभायात्रा एवं चढ़ोत्तरी किया जाना है। तहसीलपारा वार्ड क्रमांक 04 में 22 से 30 जनवरी तक श्रीमद्भागवत कथा की अमृतधारा प्रवाहित हो रही है, जिसमें सैकड़ो भक्तजन डुबकी लगाते हुए अपने जीवन को सार्थक कर रहे है। पंडित ने कथा के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण की आठ पटरानी एवं एक हजार एक सौ रानी की कथा बताई। भगवान के एक पट रानी सत्यभामा धरती माता है, इसलिए सुबह उठते ही धरती माता को प्रणाम करना चाहिए। भौमा असुर की वध के कथा विस्तार से बताई। मानव जीवन का कोई भरोसा नही है, इसलिए अधिक से अधिक समय तक मानव को कीर्तन भजन करते हुए अच्छे जीवन जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि जगत में जितने भी चराचर जीव है सभी मे ईश्वर का वास है। अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहे क्योंकि स्वास्थ्य ही मनुष्य की असली धन है। श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता निस्वार्थ प्रेम, समानता और अटूट विश्वास का सबसे बड़ा प्रतीक है। दरिद्र ब्राह्मण सुदामा, अपनी पत्नी के आग्रह पर द्वारकाधीश कृष्ण से मिलने उनके महल पहुंचे। कृष्ण ने अपने मित्र का भव्य स्वागत किया, सुदामा की पोटली से चावल खाए और बिना मांगे ही उनकी गरीबी दूर कर दी। कृष्ण-सुदामा प्रसंग के मुख्य बिंदु सच्ची मित्रता सुदामा एक अत्यंत निर्धन ब्राह्मण थे, जबकि कृष्ण द्वारका के राजा थे, लेकिन दोनों की मित्रता में अमीर-गरीब का कोई भेद नहीं था। बाल सखा दोनों ने सांदीपनी ऋषि के आश्रम में एक साथ शिक्षा ग्रहण की थी। सुदामा की भेंट सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर, कृष्ण के लिए उपहार स्वरूप तीन मुट्ठी पोहा चावल के चिवड़े पोटली में बांधकर ले गए थे।

जब सुदामा द्वारका पहुंचे, तो कृष्ण ने नंगे पैर दौड़कर उनका स्वागत किया और अपने आंसुओं से सुदामा के चरण धोए। बिना मांगे सब कुछ सुदामा शर्म के कारण कृष्ण से अपनी गरीबी का जिक्र नहीं कर पाए और बिना कुछ मांगे वापस आ गए। जब सुदामा घर लौटे, तो उनकी झोपड़ी की जगह महल बन चुका था। कृष्ण ने बिना बताए ही सुदामा के सारे दुख दूर कर दिए थे।

यह प्रसंग सिखाता है कि मित्रता में भौतिक वस्तुएं नहीं, बल्कि केवल प्रेम और समर्पण मायने रखता है।


